अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

आपके कोई सवाल हैं?
हम मदद कर सकते हैं।

किस तरह के बिज़नेस वॉशिंगटन SMALL BUSINESS FLEX FUND 2 लोन के लिए पात्र हैं?

Flex Fund लोन के योग्य होने के लिए, एक छोटे बिज़नेस या गैर-लाभकारी संस्था में 50 या उससे कम कर्मचारी होने चाहिए, आवेदन करने से पहले कम से कम एक साल तक परिचालन में रहना होगा, वार्षिक राजस्व 5 मिलियन डॉलर से कम का होना चाहिए, पिछले और अनुमानित नकदी प्रवाह के आधार पर लोन चुकाने की क्षमता दर्शानी होगी और बिज़नेस वॉशिंगटन राज्य के भीतर होना चाहिए।

यह प्रोग्राम अन्य लोन फ़ंड्स से कैसे अलग है?

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 में समुदाय-आधारित ऋणदाताओं का एक नेटवर्क शामिल है, जिसके पास वॉशिंगटन के ऐसे समुदायों के छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं की मदद करने का दशकों का अनुभव है जिन्हें पर्याप्त सेवा और पर्याप्त बैंकिग सुविधा नहीं मिली है। ये सामुदायिक ऋणदाता लोन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में आपकी सहायता कर सकते हैं। Small Business Flex Fund 2 का मकसद क्रेडिट स्कोर या कुछ गिरवी रखने की शर्तों और समापन लागतों के अलावा लगाए जाने वाले मूल शुल्क को हटाकर वित्तीय संसाधनों में आने वाली बाधाओं को कम करना भी है। आपके बिज़नेस की जरूरतों और लक्ष्यों के आधार पर फ़ंड को सुविधाजनक ढंग से खर्च किया जा सकता है।

क्या मुझे कुछ गिरवी रखने की ज़रूरत है?

पात्र होने के लिए कुछ गिरवी रखने की ज़रूरत नहीं है। आपके पास किसी विशेष अचल संपत्ति या उपकरण का होना ज़रूरी नहीं है। हालाँकि, बिज़नेस एसेट्स पर पहला या दूसरा ग्रहणाधिकार लगाया जाएगा और आपका ऋणदाता अतिरिक्त और कुछ खास गिरवी रखने का अनुरोध कर सकता है। उन व्यक्तियों से व्यक्तिगत गारंटी की ज़रूरत होगी जिनके पास बिज़नेस का 20% या ज्यादा का मालिकाना हक है।

मैं लोन का इस्तेमाल किस लिए कर सकता/सकती हूँ?

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 लोन का इस्तेमाल बिज़नेस की सभी जरूरतों के लिए किया जा सकता है जिसमें वेतन, किराया और मूलभूत सुविधाएं, भवन सुधार, मार्केटिंग एवं विज्ञापन, आपूर्ति और बिज़नेस संबंधी अन्य खर्च शामिल हैं। लोन का इस्तेमाल निष्क्रिय अचल संपत्ति निवेश, राजनीतिक सक्रियता के प्रयासों, प्रतिभूतियों की ट्रेडिंग में भाग लेने, संघीय या Washington राज्य कानून द्वारा निषिद्ध गतिविधियों, या कुछ अन्य निषिद्ध गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता है।

जब आप सामुदायिक ऋणदाता के पास आवेदन करते है तो आपको बताना होगा कि आप लोन का इस्तेमाल कैसे करना चाहते हैं।

स्थानीय, समुदाय-आधारित ऋणदाता कौन हैं?

गैर-लाभकारी, समुदाय-आधारित ऋणदाताओं का नेटवर्क वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 को दूसरे सभी लोन प्रोग्राम से अलग बनाता है। 40 सालों से ज्यादा समय से, ये Community Development Financial Institutions (CDFI, सामुदायिक विकास वित्तीय संस्थान) स्थानीय छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को फलने-फूलने में मदद करने के लिए समर्पित रहे हैं। CDFI, सदियों से बैंकिंग सुविधाओं से वंचित समुदायों की खास जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित हैं और इन समुदायों के उधारकर्ताओं को लोन देने का अच्छा खासा अनुभव है।

अगर मुझे लोन आवेदन में सहायता की ज़रूरत हो तो क्या होगा?

जब आप SmallBusinessFlexFund.org पर जाते हैं तो आप एक स्थानीय, समुदाय-आधारित ऋणदाता से जोड़ा जाएगा जो आवेदन के हर चरण में सहायता कर सकता है और आपको अतिरिक्त सहायता सेवाओं के बारे में बता सकता है।

लोन की अवधि क्या हैं?

36- से 72-महीने की अवधि
$250,000 तक का उधार लें
दरें WSJ प्राइम दर से 1-4% ज्यादा
लोन की अवधि के लिए निश्चित ब्याज दर
पूर्वभुगतान के लिए कोई जुर्माना नहीं

क्या पूर्व-आवेदन पूरा करने से यह गारंटी मिलती है कि मैं किसी प्रोग्राम ऋणदाता से मेल खाऊंगा/खाउंगी?

नहीं। हालाँकि प्रोग्राम ने आवेदन करने के लिए ज़रूरी न्यूनतम पात्रता मानदंड अपनाए हैं (जैसे, कम से कम एक साल का परिचालन, 50 से कम कर्मचारी, 5 मिलियन डॉलर से कम का वार्षिक राजस्व), लेकिन इसमें भाग लेने वाले सामुदायिक ऋणदाता भी अपने खुद के ऋण मानदंड लागू करते हैं। जो आवेदक ऋणदाताओं द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते उन्हें लोन नहीं मिलेगा और उन्हें राज्य के व्यापार सहायता संगठनों के नेटवर्क से परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह प्रोग्राम भाग लेने वाले ऋणदाताओं के एक ऐसे विविध समूह तलाशता है जो प्रोग्राम के आवेदकों के साथ ज्यादा से ज्यादा मिलान दर हासिल करने के लिए विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, उद्योगों और अन्य कारकों में व्यापक कवरेज प्रदान करते हों।

अगर मैं किसी कार्यक्रम ऋणदाता से मेल खाता/खाती हूं, तो क्या मुझे लोन मिलेगा?

सीमित मात्रा में फ़ंड की उपलब्धता तथा आवेदनों की अपेक्षित बड़ी मात्रा के कारण यह अनुमान लगाया जा रहा है कि सभी आवेदकों को लोन नहीं मिल पाएगा। कृपया ध्यान दें कि आवेदन जमा करने से पात्रता का निर्धारण नहीं होता है और इसका मतलब यह नहीं है कि लोन स्वीकृत या वित्तपोषित हो जाएगा। आपके ऋणदाता द्वारा आपके आवेदन में अतिरिक्त जानकारी मांगी जाएगी, जिसके आधार पर लोन के लिए आपकी पात्रता निर्धारित होगी। किसी आवेदन को संसाधित करने में लगने वाला समय मेल खाने वाले सामुदायिक ऋणदाता द्वारा प्राप्त आवेदनों की मात्रा पर निर्भर करेगा।

क्या आवेदन करने के लिए मेरे बिज़नेस का WASHINGTON में स्थित होना ज़रूरी है?

हाँ, मुख्य कार्यालय या मुख्यालय Washington में स्थित होना चाहिए।

क्या वॉशिंगटन SMALL BUSINESS FLEX FUND 2 लोन माफ़ किए जा सकते हैं?

Flex Fund कोई माफ़ करने योग्य लोन या अनुदान प्रोग्राम नहीं है। उधारकर्ता को लोन के प्रकार के आधार पर 3-6 वर्षों में ब्याज के साथ लोन की पूरी राशि चुकानी होगी।

अगर मैं भुगतान करने से चूक जाऊं तो क्या होगा?

अगर आप समय पर लोन का भुगतान नहीं करते हैं, तो समुदाय-आधारित ऋणदाता के विवेक के आधार पर आपसे विलम्ब शुल्क लिया जा सकता है। भुगतान न करने पर लोन को डिफ़ॉल्ट घोषित किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप डिफ़ॉल्ट और देरी से भुगतान से जुड़ी बातों को समझते हैं, आपका सामुदायिक ऋणदाता लोन आवेदन प्रक्रिया के दौरान आपके साथ आपके लोन समझौते की सभी शर्तों पर चर्चा करेगा।

किस तरह के बिज़नेस को लोन नहीं दिया जा सकता?

ऐसे बिज़नेस जिन्हें लोन नहीं दिया जा सकता वह हैं:

- कैनबिस बिज़नेस या फ़र्म्स ऐसी गतिविधियों में लगी हुई हों जो संघीय कानून या उस क्षेत्राधिकार में लागू कानून द्वारा निषिद्ध हैं जहाँ बिज़नेस स्थित है;
- निष्क्रिय अचल संपत्ति निवेश या प्रतिभूतियों की खरीद
- राजनीति से जुड़ी गतिविधियों या पिरामिड बिक्री योजनाओं में लगी फ़र्म्स
- मुख्य रूप से जुआ खेलने या जुए की सुविधा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सुविधां
- ऐसे बिज़नेस जो कमोडिटी वायदा कारोबार या निष्क्रिय अचल संपत्ति निवेश सहित सट्टा संचालन में लगी हैं और सामान्य व्यापार को छोड़ कर मूल्य में उतार-चढ़ाव से मुनाफ़ा कमाते हैं।
- ऐसे बिज़नेस जो अपने कुल वार्षिक राजस्व का आधे से अधिक हिस्सा उधार गतिविधियों से कमाते हैं, सामुदायिक विकास वित्तीय संस्थानों और जनजातीय उद्यमों को छोड़कर जो डिपॉजिटरी संस्थान या बैंक होल्डिंग कंपनिं नहीं हैं
- बकाया संघीय या राज्य आय कर चुकाने की माँग करने वाले बिज़नेस, जब तक कि छोटे बिज़नेस उधारकर्ता के पास संबंधित कर प्राधिकरण के साथ भुगतान योजना न हो

शुरुआत करने के लिए मुझे क्या करना होगा?
SmallBusinessFlexFund.org पर जाएं

वॉशिंगटन SMALL BUSINESS FLEX FUND 2 लोन के लिए आवेदन करने के लिए किस जानकारी की ज़रूरत होगी?

आपके पूर्ण लोन आवेदन के भाग के रूप में, आपको सामुदायिक ऋणदाता को निम्नलिखित दस्तावेज़ उपलब्ध कराने होंगे:

- दो सबसे हालिया कर रिटर्न, अगर उपलब्ध हो और ऋणदाता द्वारा मांगा गया हो;
- बैंक विवरण और/या आंतरिक रूप से तैयार वित्तीय विवरण;
- 20% से अधिक मालिकाना हक वाले बिज़नेस के मालिकों के बारे में जानकारी, जिसमें नाम, पता, सामाजिक सुरक्षा संख्या (SSN), नियोक्ता पहचान संख्या (EIN) या व्यक्तिगत करदाता पहचान संख्या (ITIN), फ़ोन नंबर, ईमेल, हिस्सेदारी का प्रतिशत, और फ़ोटो ID शामिल है;
- निष्पादित सत्यापन फॉर्म (सामुदायिक ऋणदाता द्वारा दिया जाना है);
- बिज़नेस या गैर-लाभकारी संस्था के कानूनी गठन का साक्ष्य (जैसे, निगमन के लेख और उपनियम);
- व्यक्तिगत गारंटी (केवल बिज़नेस के लिए); और
- आवेदन के समय या उसके बाद सामुदायिक ऋणदाता द्वारा मांगे जाने वाले ज़रूरी दस्तावेज़

एक सहभागी सामुदायिक ऋणदाता आपसे संपर्क कर ज़रूरी दस्तावेज एकत्र करेगा, क्रेडिट की जांच करेगा और आवेदन समीक्षा प्रक्रिया को पूरा करेगा।

आज ही अपने स्थानीय, समुदाय-आधारित ऋणदाता से जुड़ें!

Washington State Small Business Credit Initiative (SSBCI, वाशिंगटन राज्य में छोटे बिज़नेस के लिए लोन सुविधा) पूरे Washington में छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को आवश्यक पूंजी उपलब्ध कराती है और यह ऐसा खासतौर पर सदियों से पर्याप्त सेवा और प्रयाप्त बैंकिग सुविधा से वंचित समुदायों के लिए करती है। SSBCI का प्रबंधन Washington राज्य के Department of Commerce (वाणिज्य विभाग) द्वारा, पूरे राज्य में U.S. Department of Treasury (अमेरिकी ट्रेजरी विभाग) और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से किया जाता है। ज्यादा जानकारी के लिए https://bit.ly/wa-small-biz-loans पर जाएं।

SMALLBUSINESSFLEXFUND.ORG

Washington State Department of Commerce